## अभ्यर्थी हेतु आवश्यक निर्देश

## आगामी रिक्तियां केवल ओटीआर पद्धति पर आधारित

आयोग द्वारा आगामी रिक्त पदों पर भर्ती हेतु एकल अवसरीय पंजीकरण (ओटीआर) आधारित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अनिवार्य है, जिससे अभ्यर्थियों को अपनी योग्यता के अनुरूप विज्ञापित होने वाले विभिन्न रिक्त पदों की सूचना एवं किये गए आवेदन पर होने वाली विभिन्न प्रक्रियाएं जैसे कि परीक्षा, साक्षात्कार, परीक्षा परिणाम इत्यादि.. समस्त सूचनाएं एक स्थान पर "**अभ्यर्थी डैशबोर्ड**" पर उपलब्ध हो सकेगी। आयोग को चयन प्रक्रिया पूर्ण करने तथा अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों का डिजिटल सत्यापिकरण करना भी संभव होगा।

# ओटीआर आधारित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

**प्रश्न 1. वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) क्या है।**

**उत्तर.** वन टाइम रजिस्ट्रेशन एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसके माध्यम से उम्मीदवार अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, जन्म-तिथि, पिता का नाम, माता का नाम, मोबइल नंबर, ई-मेल आईडी, लिंग, जाति, अधिवास राज्य आदि को दर्ज कर पंजीकरण प्रक्रिया करने के उपरान्त अभ्यर्थी को समस्त सूचनाएं एक स्थान पर "**अभ्यर्थी डैशबोर्ड**" पर उपलब्ध हो होगी, यूपीपीएससी के साथ खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। उसके बाद वे पात्रता मानदंडों को पूरा करने के पश्चात के आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों के लिए आवेदन करने में सक्षम हैं।

**प्रश्न 2. ओटीआर ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट तक कैसे पहुंच सकता हूं?**

**उत्तर.** ऑनलाइन आवेदन हेतु होम पेज तक पहुंचने के लिए दिये गये लिंक https://otr.pariksha.nic.in/ पर लॉग इन करें।

**प्रश्न 3. ओटीआर में कौन पंजीकरण करा सकता है।**

**उत्तर.** ओटीआर उन सभी उम्मीदवारों के लिए सुलभ है जो नौकरी की तैयारी कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की नौकरियों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, जिनकी आयोग द्वारा रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती की जाती है।

**प्रश्न 4. मुझे ओटीआर में पंजीकरण करने के लिए क्या चाहिए।**

**उत्तर.** ओटीआर के तहत पंजीकरण करने के लिए आपके पास एक व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए।

**प्रश्न 5. मैं ओटीआर में प्रोफाइल कैसे बना सकता हूं।**

**उत्तर.** प्रोफ़ाइल बनाने के लिए वेबसाइट पर दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें।

**प्रश्न 6. क्या मैं अपने पंजीकरण के लिए उपयोग किए गए मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी से अपने रिश्तेदार/मित्र को ओटीआर के तहत पंजीकृत कर सकता हूँ।**

**उत्तर.** नहीं, एक से अधिक पंजीकरण के लिए एक ही ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

**प्रश्न 7. मोबाइल नंबर खो जाने या मोबाइल नंबर/ ईमेल आईडी में सुधार करना या बदलने की स्थिति में मुझे क्या करना होगा।**

**उत्तर.** अभ्यर्थी द्वारा वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर दिये गये संशोधन लिंक पर क्लिक कर अपने मोबाइल एवं ई-मेल आईडी में सुधार के लिए शिकायत दर्ज कर संशोधन करा सकते हैं।

**प्रश्न 8. यदि मेरे पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी संदेश प्राप्त नहीं होता है, तो मुझे क्या करना होगा?**

**उत्तर.** ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) पूरी तरह से नेटवर्क प्रदाता की सेवा पर निर्भर है। यदि किसी कारण से ओटीपी नहीं आ रहा हो तो आप अपना फ़ोन बंद कर पुनः चालू करें जिससे आपको मदद मिल सकती है. ओटीपी आपके ई-मेल आईडी पर भी भेजा जाता है, आप इसे वहां से भी प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रश्न 9. मैं अपना पासवर्ड भूल गया हूं।**

**उत्तर.** यदि उपयोगकर्ता नाम पासवर्ड भूल गया तो वेबसाइट के मुख पृष्ठ पर दिये गये फॉरगेट पासवर्ड विकल्प पर क्लिक कर अपना पासवर्ड रीसेट कर सकते हैं, यदि फिर भी आप अपना डेटा पुनर्प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं, तो यूपीपीएससी हेल्प डेस्क नंबर पर संपर्क करें।

**प्रश्न 10. मेरा आधार नंबर व्यक्तिगत विवरण में सेव नहीं हो रहा है।**

**उत्तर.** कृपया अपने आधार कार्ड के अंकों की जांच करें और इसे दोबारा दर्ज करें। यदि समस्या अभी भी बनी रहती है तो यूपीपीएससी हेल्प डेस्क नंबर पर संपर्क करें, अभ्यर्थी हेतु निर्देश है कि एक ही आधार कार्ड को दो अलग-अलग प्रोफाइल में स्वीकार नहीं किया जाता है।

**प्रश्न 11. क्या एक उम्मीदवार एक से अधिक ओटीआर (प्रोफाइल) बना सकता है। अगर कोई उम्मीदवार ऐसा करता है तो क्या होगा?**

**उत्तर.** नहीं, एक उम्मीदवार केवल एक ही प्रोफाइल बना सकता है।

**प्रश्न 12. मैं अपनी प्रोफ़ाइल कैसे प्रिंट कर सकता हूँ?**

**उत्तर.** उम्मीदवार ओटीआर में 'प्रोफाइल' देखें और प्रिंट बटन पर क्लिक कर अपनी प्रोफ़ाइल जानकारी प्रिंट कर सकते हैं।

**प्रश्न 13. मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरी प्रोफ़ाइल बन गई है?**

**उत्तर.** आपको एक पॉप-अप संदेश प्राप्त होगा "आपका प्रोफ़ाइल सफलतापूर्वक बनाया गया है" या शीर्ष कार्नर में प्रोफ़ाइल स्थिति पूर्ण के रूप में दिखाई देगी।

**प्रश्न 14. मैं ओटीआर में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करने में असमर्थ हूं। मुझे क्या करना चाहिए?**

**उत्तर.** कृपया फोटोग्राफ/हस्ताक्षर क्रॉप एवं सेव करने के लिए वेबसाइट पर FAQ के अंतर्गत दिए गए आवश्यक निर्देशों के अनुसार उनका आकार बदलें और अपलोड करें।

**प्रश्न 15. अगर मैं अपने प्रोफाइल (ओटीआर) में बदलाव/सुधार करना चाहता हूँ।**

**उत्तर.** ओटीआर में कुछ फ़ील्ड संपादन योग्य हैं; जिन्हें आवेदक केवल छः (6) बार संपादित कर सकता है। लेकिन कुछ क्षेत्र परिवर्तनशील नहीं हैं; इन क्षेत्रों को बदलने के लिए उम्मीदवार को प्रासंगिक प्रमाण के साथ https://otr.pariksha.nic.in पर दिये गए लिंक पर अनुरोध करें।

**प्रश्न 16. ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) के लिए शुल्क क्या है।**

**उत्तर.** पंजीकरण और ओटीआर में प्रोफाइल बनाने के लिए उम्मीदवार से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

**प्रश्न 17. मैं आयोग द्वारा विज्ञापित पद/पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कैसे कर सकता हूं?**

**उत्तर.** ऑनलाइन आवेदन करने के अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण ओटीआर नंबर उपयोग कर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये ऑनलाइन आवेदन करें, यदि अभ्यर्थी ओटीआर पंजीकृत नहीं है, तो कृपया यूपीपीएससी की वेबसाइट https://otr.pariksha.nic.in पर ओटीआर पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करें।

**प्रश्न 18. क्या ओटीआर बनाने या ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए आवेदक का मार्गदर्शन करने के लिए कोई विस्तृत निर्देश हैं?**

**उत्तर.** हां, आप विस्तृत निर्देशों/मैनुअल के लिए यूपीपीएससी की वेबसाइट https://otr.pariksha.nic.in पर जा सकते हैं।

**प्रश्न 19. अगर वेबपेज/वेबसाइट तक पहुंचने में देरी होती है तो मुझे क्या करना चाहिए।**

**उत्तर.** पेज तक पहुंचना एक इंटरनेट/सर्वर आधारित गतिविधि है। कृपया बेहतर इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करें या पीक आवर्स से बचें।

**प्रश्न 20. मैं ओटीआर के अंतर्गत व्यक्तिगत विवरण कैसे दर्ज करें?**

**उत्तर.** आवेदक द्वारा आवश्यक विवरण स्टेप टू स्टेप दर्ज करते हुये सेव बटन पर क्लिक करना होगा। यदि आप द्वारा आवश्यक विवरण संरक्षित कर लिया गया है, तो "गेट ओटीआर (इम्मेडिएटली)" बटन पर क्लिक करके अपना ओटीआर नंबर प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रश्न 21. क्या मैं एक ओटीआर का उपयोग करके विभिन्न पदों/विज्ञापनों के लिए आवेदन कर सकता हूं।**

**उत्तर.** हां, आप एक ही या अलग-अलग विज्ञापनों के एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते पात्रता मानदंड पूरा किया गया हो।

**प्रश्न 22. आवेदन शुल्क का भुगतान कैसे कर सकता है।**

**उत्तर.** आवेदक आवेदित पद से सापेक्ष शुल्क भुगतान विकल्प का चयन कर भुगतान कर सकता है।

**प्रश्न 23. मैं जमा किए गए आवेदन का भुगतान कैसे कर सकता हूं?**

**उत्तर.** आवेदन से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत शुल्क का भुगतान उसी समय कर सकता है। यदि किसी कारण आवेदक द्वारा शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है तो आवेदक यूपीपीएससी वेब पोर्टल के **कैंडिडेट डैशबोर्ड लॉगिन** कर "Pending Fee Payment" ऑप्शन पर क्लिक कर शुल्क का भुगतान कर सकता है।

**प्रश्न 24. भरे हुए आवेदन में संसोधन कर सकते हैं ?**

**उत्तर.** हाँ, आवेदक ओटीआर संशोधित विवरण आवेदन पत्र में संशोधन करने के लिए पहले "Sync Your Data With OTR Server" बटन पर क्लिक करें, तपश्चात आवेदित पद के अंतर्गत प्रदर्शित हो रहे "Sync App Data" बटन पर क्लिक कर आवेदन पत्र में संशोधन कर सकते हैं।

**नोट: शुल्क भुगतान उपरांत ही आवेदन पत्र में संशोधन अनुमन्य है।**

******